कार्यालय : प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग,
नई टिहरी।

फोन/फैक्स : 01376-232077,
ई:मेल
dfotehri_ua@rediffmail.com

पत्रांक : 2138 /12-1 नई टिहरी, दिनांक- 27/03/ 2025

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग,
चम्बा (टिहरी गढवाल)

विषयः- जनपद टिहरी गढवाल के विधानसभा क्षेत्र टिहरी में राज्य योजना के अन्तर्गत टिहरी चम्बा मोटर मार्ग के कन्या जूनियर हाई स्कूल चवालखेत होकर बुडोगी गांव तक मिसिंग लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य (0.7875) है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन(ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या-**(FP/UK/ROAD/144989/2021)**

सन्दर्भः- आपके कार्यालय का पत्रांक-538/13 एम0जी0, दिनांक-20.03.2025।

महोदय,

उपरोक्त विषयक क्रम में अवगत कराना है कि भारत सरकार के पत्रांक संख्या-08/बी/यू0सी0पी0/06/131/2021/एफ0सी0, दिनांक-14.03.2024 के द्वारा इंगित आपत्तियों का निराकरण आख्या उक्त सन्दर्भित पत्र से इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। जिसके क्रम में विषयगत परियोजना के प्रस्ताव का ऑनलाईन/ऑफलाईन परीक्षण करने पर निम्न कमियां पाई गई है :-

1. प्रस्ताव अनुसार विषयगत परियोजना हेतु 0.2975 है0 आरक्षित वन भूमि, 0.49 है0 सिविल सोयम भूमि अर्थात कुल 0.7875 है0 वन भूमि तथा 1.80 है0 नाप भूमि हस्तान्तरण हेतु उल्लेखित किया गया है। जिसमें आरक्षित वन भूमि पर विभिन्न व्यासवर्ग के चीड़ प्रजाति के 100 वृक्ष तथा नाप/सिविल सोयम भूमि में विभिन्न प्रजाति व व्यासवर्ग के 413 वृक्ष अर्थात कुल 513 वृक्ष प्रभावित होने का उल्लेख किया गया है, किन्तु प्रस्ताव में यह स्पष्ट नही हो रहा है कि 413 वृक्षों में से नाप भूमि व सिविल सोयम भूमि पर पृथक-पृथक कितने वृक्ष प्रभावित हो रहे है? कृपया इसे संशोधित/स्पष्ट करें।
2. प्रारूप-17 (बार चार्ट) में उल्लेखित भूमि के रंग सूचक सही प्रदर्शित नही किया गया है।

अतः उक्त कमियों का ऑनलाईन व ऑफलाईन निराकरण कर प्रस्ताव इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(पुनीत तोमर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी

पत्रांकः-2138 /12-1 तददिनांकित।
प्रतिलिपिः- वन क्षेत्राधिकारी टिहरी राजि को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(पुनीत तोमर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
टिहरी वन प्रभाग, नई टिहरी।

OIC